53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 23.4°c अधिकतम 33.6 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:12, सूर्यास्त - 6:03 | वर्ष : 53/अंक : 273 शुक्रवार, 03 अक्टूबर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

हार से कभी डरना नहीं है ।
हार वो सीख है, जो आपको बेहतर बनने का मौका देगी।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कश्मीर के लोगों को अपराधी माना जाता है, उन्हें देशद्रोही समझा जाता है : महबूबा मुफ़्ती



इंसां की शक्ल में गुनहगार क्यों रहे?.....
जन्नत सी वो जमीं बदबहार क्यों रहे?.....

# हजारों स्थानों पर अहंकार रूपी रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन

## रावण के पुतले का दहन करना सिर्फ परम्परा, अपने दिलों में बैठे रावण को भी दहन करने का कीजिए प्रयास : अंकुर दुआ



**मुजफ्फरनगर, 2 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में हजारों स्थानों पर अहंकार रूपी रावण के पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर पटेल नगर, नई मण्डी रामलीला ग्राउंड, गांधी कॉलोनी, रामपुरी, कच्ची सड़क, रामलीला टिल्ला, कृष्णापुरी व नुमाइश कैम्प में रावण के सैकड़ों पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग स्थानों पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूर्व मंत्री संजीव बालियान, नगर पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, वसुंधरा सिटी के डायरेक्टर अमित चौधरी आदि मौजूद रहे। नगर में सबसे बड़ा आयोजन श्रीराम सेवा दल द्वारा नुमाइश कैम्प में किया गया। सेवा दल का यह 36 वां विजय दशमीं महोत्सव था। उक्त महोत्सव की अध्यक्षता हमेशा से ही स्व. श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने की थी। उसी परम्परा के अनुसार बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व जिलाधिकारी उमेश मिश्र के हाथों से रिमोट के माध्यम से रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मेघनाद, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा कुम्भकर्ण व जिलाधिकारी व एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, उद्योगपति सतीश गोयल, भाजपा नेता अचिंत मित्तल, सुखदर्शन सिंह बेदी आदि मौजूद रहे। असत्य पर सत्य पर विजय की जीत के इस पर्व पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम भगवान श्रीराम को नमन करते हुए सभी जनपदवासियों, आयोजकों व मंचासीन अतिथियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान राम का चरित्र बताता है कि अधर्म पर धर्म की जीत में विजय बेशक  देर से हो मगर विजय अवश्य मिलती है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विजय दशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आमजन को बधाई देते हुए कहा कि संघ ने हमेशा निस्वार्थ भाव से राष्ट्र के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हम सबको भगवान राम के पदचिह्नों पर चलना चाहिए और मर्यादा में रहकर कार्य करने चाहिएं। इस अवसर पर बोलते हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि हर वर्ष रावण, मेघनाद एवं कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन महज एक परम्परा है, रावण जैसा प्रकाण्ड विद्वान न इस पृथ्वी पर पहले कभी हुआ न दूसरा कभी होगा। भगवान राम ने रावण को सिर्फ यह दर्शाने के लिए मारा कि अहंकार किसी का भी नहीं रहता और सोने की लंका रखने वाले रावण के जीवन का भी एक दिन अंत होता है। हम चार दिन की कुर्सी पर बैठकर, चार पैसे कमाकर अहंकार के मद में चूर न हो जाएं यही संदेश देने के लिए हम हर वर्ष अहंकार का पुतला दहन करते हैं। यदि फूंकना ही है तो रावण के पुतला दहन के साथ-साथ अपने मन में बैठे रावण को भी फूंकने का काम कीजिए, तभी यहां तक आना सार्थक है।  नुमाइश ग्राउंड स्थित कार्यक्रम के आयोजन में श्री राम सेवा दाल गणेशपुरम के पदाधिकारी में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद खेड़ा, अशोक डुमरा, डॉक्टर विजय टंडन, कुलभूषण बजाज, डॉक्टर सुरेश खुराना, विनोद वाधवा, किशन

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर



नुमाइश कैम्प



नई मण्डी रामलीला ग्राउंड



पटेल नगर

### नुमाइश मैदान में सुरक्षा के प्रति पूर्णतः सतर्क दिखे एसएसपी

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा नुमाइश मैदान में जिलाधिकारी के साथ पहुंचे। मंच से माइक संभालते हुए सर्वप्रथम एसएसपी ने भारत माता की जय के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि इस नारे से अच्छा कोई नारा नहीं है। इसी के साथ-साथ उन्होंने वहां मौजूद जनता से अपील की कि जरा सी भी किसी ने कोई गड़बड़ की तो उसका इलाज हाथोंहाथ किया जायेगा। किसी भी सूरत में किसी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां सभी के घरों की बहन बेटियां हैं, ऐसे में उन्होंने महिला पुलिस को भी सचेत और सावधान किया। मंच से ही तीन बार अलग-अलग महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को बुलाकर पूरे मैदान की जानकारी हासिल की, इतना ही नहीं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उन्होंने कमैटी पदाधिकारियों से पूछा कि रावण दहन के समय किसी प्रकार का कोई रॉकेट इत्यादि पटाखा तो नहीं छूटने वाला, जिससे आमजन को कोई हानि हो। पदाधिकारियों ने एसएसपी को आश्वस्त करते हुए बताया कि वे निश्चिंत रहें, किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं होगी। कमैटी की ओर से पूरे पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।



# देवभूमि संस्कृति बचाने को लैंड, लव और थूक जिहाद पर लगाया सख्ती से अंकुशः पुष्कर धामी

**▶▶ सीएम बोले-आन्दोलनकारियों व शहीदों के परिजनों के कल्याण को संकल्पित ▶▶ रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि**



**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सरकार ने देवभूमि का धार्मिक और सनातन स्वरूप बचाने के साथ यहां संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कड़े फैसले लिए हैं। इनमें लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना उनकी प्राथमिकता रही।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को रामपुर तिराहा स्थित स्मारक पर पृथक राज्य आंदोलन के बीच शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सभा स्थल पर उनके चित्र के समक्ष  दीप प्रज्ज्वलित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको याद किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों के साथ ही रामपुर तिराहा गोलीकांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, संघर्ष व





शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

# प्रतिबंधित और एक्सपायरी दवाओं पर रैपर बदलकर बेचने वाले तीन गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने प्रतिबंधित और एक्सपायरी डेट की दवाओं पर से पुराने रैपर हटाकर नए रैपर चिपकाने के बाद उन्हें अवैध रूप से मेडिकल स्टोरों और खाड़ी देशों में बेचने वाले एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष सिंह को सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध दवाओं के जखीरे के साथ पचैंडा रोड पुल के नीचे खड़े हैं, जो इन अवैध दवाओं को बेचने की फिराक में हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपी फरार होने में सफल रहा। जनपद में प्रचलित ऑपरेशन सवेरा अभियान 5.0 के तहत थाना सिविल लाईन पुलिस को सूचना थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित एवं एक्सपाइरी डेट की दवाओं पर पुराने रैपर हटाकर नये रैपर लगाकर बाहर विदेश मे बेचने की फिराक में है। मौके पर प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन आशुतोष सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर 3 नफर अभियुक्तगण शादाब अली पुत्र कल्लू निवासी चूने वाली गली मदीना कालोनी, सरवट थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर (30 वर्ष) को। बबलू उर्फ तूफान सिंह पुत्र सुभाष निवासी ग्राम सिरौली थाना ढौलना जिला कासगंज (30 वर्ष ) को और दीपक कुमार शर्मा पुत्र महीपाल सिंह निवासी टावर नंबर 10 मकान संख्या 503 देविका सोसाइटी राजनगर एक्सटैन्शन थाना नन्दग्राम गाजियाबाद, मूल पता नई आबादी, गली नंबर 4, ग्राम अलमासपुर, परिक्रमा मार्ग थाना नई मण्डी

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर



**दवा कंपनी के फर्जी सिरप स्टिकर बरामद, तार दुबई से जुड़े होने की आशंका जताई**

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। शनिवार को मुजफ्फरनगर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी उस समय मिली, जब सिविल लाइन थाना और खालापार पुलिस के साथ अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक के मिश्रा ने एक विवादित मामले की जांच के दौरान अवैध रूप से प्रिंट हो रहे एक बड़ी दवा कंपनी के सिरप बोतलों के स्टीकर भारी मात्रा में बरामद किए। पुलिस की जांच के दौरान यह चौंकाने वाला 'कारनामा' सामने आया। जब पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को समझा, तो प्राथमिक तौर पर इसके तार दुबई से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस एक अन्य विवाद से जुड़े तथ्यों को जुटाने के लिए मैदान में उतरी थी, जब यह बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने एक प्रिंटिंग की दुकान से ये स्टीकर जब्त किए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने स्टीकरों को जब्त करने के साथ ही इनसे जुड़ी और जानकारी जुटाने में जुट गई है। फिलहाल पुलिस ने प्रिंटिंग की दुकान के कंप्यूटर भी जब्त कर लिए हैं और पूरे मामले को बारीकी से खंगाल रही है, ताकि इस बड़े फर्जीवाड़े की तह तक पहुंचा जा सके। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला नकली दवाओं के गोरखधंधे से जुड़ा हो सकता है।















# पटेल नगर में राम-रावण युद्ध संग रावण दहन का रोमांचकारी प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर की ओर से आयोजित श्रीरामलीला मंचन में आयोजित प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किए रखा। मंच पर लंका युद्ध के निर्णायक मोड़ में मेघनाद वध का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया इसके बाद सुलोचना सती प्रसंग ने दर्शकों की आँखें नम कर दीं। कलाकारों के सशक्त अभिनय व संवादों ने वातावरण को गंभीर और भावनात्मक बना दिया। इस बीच रामलीला मैदान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से गूँज उठा। उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पटेलनगर रामलीला के स्वर्ण जयंती 50वें रामलीला महोत्सव के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ते कदमों के बीच गुरूवार को सवेरे संपन्न दशहरा पूजन में कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन समेत अन्य पदाधिकारी और कलाकार शामिल रहे। दशहरा कार्यक्रम व रावण दहन लीला में अतिथि के रूप में योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ आदि मौजूद रहे। पटेलनगर मैदान पर भगवान श्रीराम और राक्षसराज रावण की सेनाओं के बीच घनघोर युद्ध होने के बाद अंततः श्रीराम ने युद्ध के दौरान रावण अंत किया। इसके साथ ही उनके द्वारा मैदान पर रावण के विशाल पुतले को श्री राम जी ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व सभासद सीमा जैन के साथ संयुक्त रूप से अग्निबाण मारकर दहन किया तो चारों ओर जय श्रीराम के जयघोष के साथ हर्ष एवं उल्लास छा गया। इसके साथ श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेल नगर द्वारा भगवान श्रीराम के अयोध्या में राजतिलक समारोह की तैयारी शुरू हो गई। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, प्रमोद गुप्ता, मनोज पाटिल, दिनेश जैन, अनिल लोहिया, पीयूष शर्मा, राकेश मित्तल, विनोद गुप्ता, रामलीला निर्देशक पंकज



शर्मा, नारायण ऐरन, विजय मित्तल, जितेन्द्र नामदेव और गोविंद शर्मा, गौरव बंसल, मेघा बंसल, ज्योति ऐरन, कन्दर्प ऐरन, अनिल गोयल, यश चौधरी, गौरव मित्तल, अंशुल गुप्ता, अमर चौधरी, प्रदीप बॉबी, हरिओम, सोनू सिंह, राजेश वशिष्ठ, देवेन्द्र, शिवांश, पंकज, स्पर्श, यश गर्ग, कृष्णा नामदेव, विशाल, उदय, जयप्रकाश, लक्ष्य बंसल, अभिषेक, जतिन, विपुल मोहन, अज्जु जैन आदि मौजूद रहे।

## विजयदशमी पर कच्छ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एल-70 एयर डिफेंस गन की पूजा की

**कच्छ, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। उन्होंने सर क्रीक इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा विवाद को लेकर कहा- भारत ने कई बार बातचीत के जरिए इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है। रक्षा मंत्री ने कहा- जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है। अगर पाकिस्तान की ओर से कोई हिमाकत की गई, तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। राजनाथ सिंह ने मिलिट्री बेस पर एल-70 गन डिफेंस गन सिस्टम की पूजा भी की। इस गन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। यह गन एक मिनट में 300 गोले दागती है और 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लेह से सर क्रीक तक, भारत के डिफेंस सिस्टम में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। वहीं, भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया। उन्होंने कहा- भारत की सेना ने दुनिया को यह संदेश दिया कि वह जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने सभी मकसद को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। हालांकि सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी आर्म्ड फोर्सेस ने दिखा दिया कि भारत की संप्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतें चाहे जहां भी छिपी हों, हम उन्हें ढूंढकर उनका खात्मा करने की शक्ति रखते हैं। दुनिया की कोई भी ताकत अगर हमारी संप्रभुता को चुनौती देती है तो भारत चुप नहीं बैठेगा।











# नई मंडी रामलीला में धूं-धूंकर जले रावण-मेघनाद के पुतले

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** श्री रामलीला भवन नई मंडी की ओर से अपने 99वें श्री रामलीला मंचन महोत्सव में श्री रामलीला मंचन विजयदशमी पर्व की लीला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बिंदल ग्रुप से जुड़े राकेश बिंदल, टिकौला शुगर मिल के डायरेक्टर निरंकार स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ अन्य अतिथियों ने श्रीराम, बजरंगबली हनुमान और रामायण जी की आरती की और भोग लगाया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजय दशमी लीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व नई मंडी रामलीला में अतिथि के रूप में पहुंचे नगर विधायक एवं यूपी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, भाजपा नेता राजीव गर्ग आदि ने कार्यक्रम में पहुंच आयोजकों का उत्साह बढ़ाने का भी काम किया। इस दौरान श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल व मंत्री अशोक गर्ग आदि ने टीम समेत सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पटका पहनाकर व बैज लगाने के साथ बजरंगबली की प्रतिमा भेंट करते हुए उनका अभिनन्दन किया। इससे पूर्व बीती रात्रि नई मंडी में आयोजित रामीला मंचन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दुर्गा इस्पात के डायरेक्टर नरेन्द्र गोयल ने सपरिवार प्रभु श्रीराम की आरती व दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया था। इस दौरान श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी कमेटी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। नई मंडी श्री रामलीला मंचन में मथुरा के श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा इस बीच रामलीला के मंचन के बीच अंगद-रावण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति की लीला समेत मेघनाद और लक्ष्मण युद्ध एवं श्रीराम और राक्षस राज कुंभकरण और रावण युद्ध की लीलाओं के माध्यम से सभी को कभी सहम जाने तो कभी गुदगुदाने का काम किया। विभिन्न लीलाओं के मंचन के बीच देर सायं वह घड़ी आ गई जब अग्निबाण के माध्यम से श्रीराम ने राक्षस राज कुंभकर्ण, मेघनाद और रावण के पुतलों को आग के हवाले कर दिया। पुतलों में आग लगने और आतिशबाजी के साथ मैदान में जय श्रीराम-जय श्रीराम का जयघोष गूंज उठा और हर कोई घर की ओर लौटने लगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, कुलदीप शर्मा, सचिन सागर, डॉ. प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल, विवेक गर्ग, अतुल जैन समेत हजारों की संख्या में दर्शक श्रीराम लीला मैदान में उपस्थित रहे।

### आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 03 अक्टूबर, 2025

**मेष-** आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।

**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।

**मिथुन-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।

**कर्क-** विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

**सिंह-** परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।

**कन्या-** नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**तुला-** स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।

**वृश्चिक-** कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

**धनु-** विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।

**मकर-** विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।

**कुम्भ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।

**मीन-** कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## अधर्म पर हुई धर्म की विजय, धूं-धूं कर जला रावण

**भोपा, 02 अक्टूबर (बु.)।** भगवान श्रीराम द्वारा लंका पर विजय प्राप्त करने को लेकर दशहरे का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रावण के विशाल पुतले को ग्रामीणों की भारी उपस्थिति के बीच विभिन्न स्थानों पर दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भगवान श्रीराम की जय जयकार की। सुरक्षा को लेकर भोपा पुलिस मौके पर तैनात रही। भोपा में युवा रामलीला कमेटी द्वारा रावण के पुतले दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में रामलीला का मंचन हुआ और कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गयी व रावण के विशाल पुतले को जलाया गया। भोपा में रावण के पुतले का दहन पारम्परिक ढंग से किया गया। रावण दहन के दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने श्रीराम के साथ रावण के पुतले में आग लगाई, वहीं अतिथि के रूप में पधारे अजय कृष्ण शास्त्री ने भी अपने विचार रखे, जिसके बाद अतिथियों और कमेटी द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर युवा रामलीला कमैटी के अध्यक्ष अनिलकांत शर्मा व डायरेक्टर शुभम शर्मा, सचिव अमरपाल सैनी, कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा, मनोज शर्मा, संजय प्रजापति, आशीष सैनी व कमैटी के सदस्य कुणाल वालिया, संजय प्रजापति, गुणीराम, सोम शर्मा, विनोद प्रजापति, बालीराम मास्टर, अंकित प्रजापति, अर्जुन कुमार, अभिषेक सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## गांधी कॉलोनी में फूंका अहंकार का पुतला



**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बुस.)।** लक्ष्मी नारायण मंदिर रामलीला कमेटी गांधी कॉलोनी द्वारा गांधी कॉलोनी को भव्य रूप से सजाया गया था और सनातन धर्म गर्ल्स कॉलेज में रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतुलों का दहन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैंड बाजों के साथ श्री राम भगवान की पूरी सेना स्कूल में पहुंची, जहां दोनों सेनाओं में युद्ध हुआ। अंत में भगवान श्रीराम की विजई हुई। अंत में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण पुतलों का दहन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, दैनिक रॉयल बुलेटिन प्रधान संपादक अनिल रॉयल व प्रभाव स्वरूप ने पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर अतिथियों ने शहर के सभी लोगों को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें अपने अंदर अहंकार नहीं लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भगवान श्रीराम पूजा अर्चना में लग जाना चाहिए। इस अवसर पर विभाग परिचारक भूपेंद्र जिला प्रचारक नितेंद्र, राकेश हुडिया, विनोद छाबड़ा, प्रवीण भाटिया, प्रेमी छाबड़ा, भवानी मलिक, मुकुल दुआ, जगदीश बिंद्रा, हाउसिंग अध्यक्ष पवन छाबड़ा आदि उपस्थित थे। दशहरे के मेले के बाहर चाट-पकौड़ी, खिलौने आदि के स्टाल लगे हुए थे, जहां लोगों ने पुतला दहन होने के बाद परिवार के साथ खूब खरीदारी की और चाट-पकौड़ी का आनंद लिया।



## तीर लगते ही धूं-धूंकर जला रावण और उसका अभिमान

### - एसडीएम ने दहन से पहले किया था निरीक्षण

**बुढ़ाना, 02 अक्टूबर (बु.)।** आज बृहस्पतिवार को शाम होते ही चांदनी वाला मंदिर के भव्य परिसर में हजारों लोगों की मौजूदगी में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र त्यागी का तीर लगते ही रावण धूं-धूंकर जल उठा और कुछ ही देर में उसका अभिमान भी जलकर राख हो गया। इससे पहले चांदनी वाले मंदिर पर दशहरा के पावन पर्व पर बुढ़ाना उपजिलाधिकारी अपूर्वा यादव ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, तो इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर और वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित शर्मा आदि पुलिस बल मौजूद रहा। मिली जानकारी के अनुसार कड़ी सुरक्षा के बीच रावण का दहन हुआ। दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। रावण के पुतले में आग लगते ही श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई दी। हजारों लोगों ने रावण दहन कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

## जानसठ में धूं-धूंकर जले रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले



**जानसठ, 02 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के अलावा देहात क्षेत्र में भी असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। लोगों ने अपने घरों में अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया। पूजन के दौरान परिवार के लोगों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने और बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लिया। कस्बे में गांव बसायच मार्ग पर प्राचीन सिद्धपीठ श्रीज्ञानेश्वर महादेव मंदिर के पास आयोजित दशहरे मेले में राम-रावण और दोनों ओर से सेनाओं का घमासान युद्ध की लीला का मंचन हुआ। युद्ध के बाद रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। उधर, गांव कवाल में भी दशहरे मेले का आयोजन किया गया। मेले में रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया। उद्घाटन खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलन भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सोम ने किया। इस दौरान सीओ यतेन्द्र सिंह नागर ने दशहरा मैदान का निरीक्षण किया। रावण के पुतले का दहन प्रवेंद्र भड़ाना, मेघनाथ का पुतला दहन भावेश गुप्ता व रविंद्र राजवंशी और कुंभकरण के पुतले का दहन रजनीश सैनी उर्फ मोनी व ऋतुराज गुर्जर ने किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी राजीव शर्मा कस्बा चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता को समिति के अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष निशांत कांबोज, उमाशंकर शर्मा, सोनी गुर्जर, अमित शर्मा, प्रमोद कुमार, संरक्षक गोपाल सैनी, वेद प्रकाश सैनी, निर्देशक राम अवतार शर्मा, महन्त रतन सिंह राजपूत, आशीष भारद्वाज, बलराज सैनी, ठाकुर प्रदीप राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित खत्री, राजीव गुप्ता, सुनील कश्यप, अमरजीत सैनी, सुमित, श्यामबाबू, अनिल, ज्ञानचंद सैनी, अशोक राजपूत, रचित, वीपी सिंह, लवी सैनी, शालू वालिया आदि मौजूद रहे।

## रावण व मेघनाथ के पुतलों के दहन होने के साथ असत्य पर सत्य की विजय हुई

**मीरापुर, 02 अक्टूबर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया। रामलीला मैदान में श्रीराम व रावण के युद्ध के बाद रावण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व लोगों ने घरों में दशहरा पूजन के दौरान शस्त्र पूजन किया। मीरापुर क्षेत्र में दशहरा पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाते हुए सर्व प्रथम घरों में दशहरा पूजन किया। इस दौरान लोगों ने पूरे परिवार के साथ भगवान श्रीराम का पूजन किया, साथ ही शस्त्र पूजन किया। इसके बाद शाम को रामलीला मैदान



में रामलीला समिति (रजि.) के तत्वावधान में कलाकारों द्वारा श्रीराम व रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्री राम के हाथों रावण का वध का मंचन किया गया। रावण के वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। इसके बाद रावण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इससे भगवान श्रीराम की आरती की गयी। इस दौरान व्यवस्था बनाने में भारी पुलिसबल व रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक गोयल, रोहित माहेश्वरी, गौरव भटनागर, अनिरुद्ध गोयल, पार्थ गोयल, सुभाष कुमार, शिवकुमार, रजनीश गंगपुरी, उज्जवल अग्रवाल, प्रधुम्न शर्मा, विवेक वर्मा, सुनील भटनागर, टीटू शर्मा, सचिन सिंह, पंकज खत्री, देवेन्द्र ठाकुर,आदि लोग मौजूद रहे।

# शाहपुर के दशहरा मेले में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, पिछले सभी रिकॉर्ड टूटे

### - सुरक्षा के पहली बार बेहतरीन कड़े इंतजाम देखने को मिले - पश्चिम यूपी का सबसे भव्य आयोजन है शाहपुर का दशहरा--उमेश मलिक - सदैव ऐतिहासिक रहा शाहपुर का रामलीला मंचन --डा प्रदीप चौहान - शाम 5 बजकर 38 मिनट पर धूं-धूं कर जला अहंकारी रावण





**शाहपुर, 02 अक्टूबर (बु.)।** शाहपुर में इस बार दशहरे के मेले में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। हजारों क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण के पुतले को आग के हवाले कर निश्चर हीन करूं महि धरती के अपने संकल्प को पूरा किया। अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी परंपरागत ढंग से मनाया गया। दशहरे के मेले में शाम 5 बजकर 38 मिनट पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान, डॉ. प्रदीप सिंह चौहान एवं पूर्व विधायक उमेश मलिक ने संयुक्त रूप से रावण के भीमकाय पुतले को आग के हवाले किया, तो समस्त वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर अपने संबोधन में उमेश मलिक ने श्री आदर्श रामलीला कमेटी को भव्य आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि आज का दशहरा मेला जनपद ही नहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश का सबसे विशाल मेला है। हिंदू हृदय सम्राट डॉ. प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि वह बचपन से शाहपुर का रामलीला मंचन देखते आ रहे हैं। कमेटी के संरक्षक श्याम पाल भाई जी के नेतृत्व में सदैव यह आयोजन ऐतिहासिक रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित एसपी देहात आईपीएस आदित्य बंसल में अपने संबोधन में शाहपुर की रामलीला कमेटी की ऐतिहासिक आयोजन के लिए मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्री रामलीला मैदान में आयोजित दशहरे मेले में अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया। मेले में इस बार सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। एसपी देहात, एसडीएम, तहसीलदार के साथ साथ थाना प्रभारी कई थानों के पुलिस एवं पीएसी बल के साथ मेला स्थल पर मौजूद रहे। विजयदशमी पर शाहपुर में सुबह से ही सनातन धर्मावलंबियों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर एवं अस्त्र-शस्त्रों तथा बहीखाता के साथ पायता पूजा, लेकिन प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मुख्य आकर्षण नगर का रामलीला मैदान ही रहा। दोपहर के समय सबसे पहले लंकापति राजा रावण की सवारी नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची। इसके बाद भगवान राम लक्ष्मण एवं हनुमान वानर सेना सहित बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण के बाद मेला मैदान स्थित मंच पर पहुंचे। इसके बाद भगवान राम ने लंका पति रावण की सेनाओं के बीच घोर संग्राम हुआ। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री आदर्श रामलीला कमेटी के संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि लड़ते-लड़ते जब चूर हुई, तब बोल उठी वानर सेना रघुकुल के तिलक दुहाई है, यह बोल उठी वानर सेना। रावण को परास्त करने के दौरान भगवान राम उसका एक शीश काटते हैं, तो दूसरा उग आता है। प्रभु राम के शरणागत हुआ रावण का भाई विभीषण काफी छिपाने के बाद भी अपने भाई का ऐसा राज खोल देता है, जिससे उसकी मृत्यु सुनिश्चित हो जाती है। विभीषण भगवान राम को बताता है कि रावण की नाभि में अमृत है, जब तक इसे सुखाया नहीं जाएगा, तब उसे कोई नहीं मार सकता, तब भगवान राम रावण की नाभि में अग्निबाण छोड़ते हैं, जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ जाते हैं। शाम 5:38 बजे लंकापति रावण के भीमकाय पुतले को भाजपा विधायक उमेश मलिक आग के हवाले करते हैं। पहली बार दशहरे मेले में बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ड्रोन कैमरे एवं वीडियोग्राफी के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही थी। थाना प्रभारी मोहित चौधरी के नेतृत्व में कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल कुमार एवं सभी हल्का इंचार्ज दरोगा आसपास के थानों का पुलिसबल निरंतर मेले में गश्त करता रहा। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी एवं अध्यक्ष सुनील मित्तल, मणिकांत मित्तल तथा अन्य पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों का पटका पहनाकर एवं बैज लगाकर सम्मान किया। पूर्व विधायक उमेश मलिक, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसडीएम अपूर्व यादव नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी व थाना प्रभारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उमेश मलिक ने कलाकार मंडली के मालिक वृन्दावन धाम से पधारे कलाकारों को सम्मानित किया। नगर पंचायत द्वारा बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी सहित सफाई नायक राजीव मेहरा, संदीप पाल एवं सभी कर्मचारियों को भी बधाई दी गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, डॉ. देवेंद्र कुड़िया पूर्व वाइस चेयरमैन, चौधरी चंद्रवीर सिंह सभासद, विशाल गर्ग सभासद, सभासद सोनू सैनी, सभासद मनोज सैनी, डॉ. अनुज अग्रवाल, विशाल कर्णवाल, सभासद वकीला बेगम, विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर श्याम किशोर पंडित, मास्टर ऋषि पाल सिंह, व्यापारी नेता मिंटू काशीवाल, सैनी समाज के उपाध्यक्ष सत्येंद्र सैनी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी, अरुण मित्तल,अध्यक्ष सुनील मित्तल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, ब्रज मोहन कोरी, प्रबंधक बालेश सिंघल, विनय नामदेव, राहुल सैनी, मुकेश मित्तल, राधेश्याम नामदेव, अनिल बंसल आढती, भंवर पाल कश्यप, परवेश गोयल, मनोज अग्रवाल, अमन मित्तल, सचिन संगल, बबलू नामदेव, नितिन मित्तल, पवन सक्सेना, अतुल सिंघल, मोहित बंसल, मोहित गिरी, अनमोल सिंघल, नोनी गोयल, अर्जुन कोरी, गौरव शर्मा, अक्षय अग्रवाल, ऋषभ सिंघल, रचित अग्रवाल, साहेब अंसारी, अजय बंसल, हनु सिंघल, यजुर्वेद प्रताप शास्त्री, विनय नामदेव कुंज मित्तल आदि का सहयोग रहा। इस बार दशहरे के मेले में उमड़ी भीड़ ने पिछले कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ डाला। पूर्व विधायक उमेश मलिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि शाहपुर का दशहरा मेला वास्तव में जनपद ही नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना विशेष स्थान रखता है। सबसे बड़ी बात यह रही कि इतनी भारी भीड़ एवं बड़े आयोजन के बावजूद कमेटी एवं प्रशासन के सहयोग से पूरे मेला पंडाल में कहीं पत्ता तक नहीं हिला। दशहरे के बाद भगवान राम लक्ष्मण की विजय यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

**सम्पादक की क़लम से**

## अखिलेश यादव की सियासत और आजम खान

अखिलेश यादव की सियासत उनके हिसाब से ठीक चल रही है। रोजाना उनका कोई न कोई भाजपा विरोधी बयान आ ही जाता है। कभी-कभी वे प्रेस कांफ्रेस भी कर लेते हैं। अभी उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों को लेकर और सोने के दाम को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है, जब से आजम खान जेल से बाहर आए हैं, वो भी अपने दिल की तकलीफ अपने ही अंदाज से बयान करने में लगे हैं। आजम खान और अखिलेश यादव के रिश्तों के बारे में बहुत कुछ कहा जा रहा है, बहुत कुछ लिखा जा रहा है। आजम खान के बहुजन समाज पार्टी में जाने की भी चर्चाएं चल रही है। चर्चा यह भी है कि आजम खान से मिलने अखिलेश यादव रामपुर जा सकते हैं। अखिलेश यादव के मुलाकात करने आने की चर्चाओं पर आजम खान ने कहा कि ये उनका बड़प्पन है। साथ ही 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर आजम खान ने कहा कि अगर मैं मर जाता तो ज्यादा सीटें आ जातीं। उनके इस बयान के कई सियासी मतलब निकाले जा रहे हैं। इससे पहले अखिलेश यादव के आने के सवाल पर आजम ने कहा था, अखबार के माध्यम से उनके आने की खबर मिली है। इस गरीब का गली में घर है, जहां बरसात में दो-ढाई फीट पानी भर जाता है। ऐसे में हमारे घर कोई भी बड़ा आदमी आएगा, तो यह हमारे लिए इज्जत अफ्जाई होगी। आजम खान इशारों-इशारों में अपने दिल की बातें कह रहे हैं। आजम खान ने कहा, न मेरी वफा में कमी, न मेरी मोहब्बत में, न मेरी दयानत में, न मेरी इमानदारी में, न मेरे डिवोशन में। मैंने सोने चांदी के कंगना और कोठी बंगला नहीं मांगा था। मैंने बच्चों के लिए कलम मांगा। आजम खान को मुलायम सिंह यादव की भी याद आई। अखिलेश को नेताजी का वह दौर याद दिलाते हुए आजम ने कहा कि मैं जहां उंगली रख देता था, मुलायम सिंह जी वहां साइन कर देते थे। यह वह दौर था, जब मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और कैबिनेट में आजम खान मंत्री हुआ करते थे। सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव के खिलाफ एक पोस्ट के बाद हंगामा है। पोस्ट में अखिलेश और अन्य नेताओं को निशाना बनाते हुए लिखा गया है कि जब-जब धर्म की स्थापना होती है, तब-तब असुरों को परेशानी होती है। इसके विरोध में सपाइयों ने नोयडा थाने पर हंगामा किया और मामले में कार्रवाई करने की मांग की। राहुल गांधी,अखिलेश यादव और ममता बनर्जी पर विवादित पोस्ट से भड़के सपाइयों ने कल सेक्टर 24 थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। सपाइयों ने विवादित पोस्ट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई न होने गहरी नाराजगी जाहिर की। पार्टी के लोगों ने पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस तरह के कामों की निन्दा की जानी चाहिए। आरोपी की पहचान हो चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या सोने के जमाखोरों के लिए भाजपा सरकार में किसी के पास कोई ड्रोन, दूरबीन या बुलडोजर नहीं है। कहीं ऐसा तो नहीं जिसे लोग लोहे का डबल इंजन समझ रहे हैं, वो भी अंदर से सोने का हो चुका है। अखिलेश यादव ने कहा है कि सोने के दाम सारे रिकॉर्ड तोड़कर एक लाख 20 हजार प्रति तोला तक पहुंच रहे हैं। भाजपा राज में सोने के दामों का बेतहाशा बढ़ने का कारण आम जनता के बीच सोने की मांग बढ़ना नहीं है बल्कि इसका कारण महाभ्रष्ट भाजपाइयों की तरल काली कमाई को ठोस में बदलने वाला स्वर्णीकरण है। अखिलेश ने कहा कि सच्चाई तो ये है कि अब गरीब आदमी अपने आशीर्वाद स्वरूप शादी-ब्याह में अपनों को सोने की एक लौंग तक नहीं दे सकता है। सोना तो छोड़िए भाजपाइयों के बीच मची बहुमूल्य धातुओं की जमाखोरी की वजह से अब तो चांदी भी गरीब की पहुंच से बाहर हो गई है। अब भाजपाई प्रचारतंत्र ये कहेगा कि भाजपा सरकार क्या करे, सोने के दाम तो अंतरराष्ट्रीय बाजार से तय होते हैं। अगर ये सच है, तो सरकार इस बात का खुलासा करे कि दाम बढ़ने के बावजूद भी अर्थव्यवस्था के किस नियम और सिद्धांत के तहत विलासी-धातुओं के दाम बढ़ रहे हैं। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार का रवैया तानाशाही है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा सरकार पुलिस से अपने राजनैतिक विरोधियों को परेशान करा रही है। आगरा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ पुलिस का व्यवहार निन्दनीय है। पीडीए की एकता से घबराई भाजपा सरकार अब पुलिस को आगे कर समाजवादियों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। पुलिस ने समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को रोककर अलोकतांत्रिक कार्य किया। अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार को घेरा। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है और सरकार को सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 58.6 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। महाराष्ट्र दूसरे व राजस्थान तीसरे स्थान पर है। उन्होंने एक्स पर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा है कि सच से आंखे नहीं मूंदनी चाहिए। कभी एनसीआरबी की रिपोर्ट भी पढ़नी चाहिए। अपना स्तुति गान स्वयं बघारना शोभा नहीं देता है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरुद्ध अपराध के प्रदेश में कुल 66,381 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 58.6 प्रतिशत रही, जबकि राष्ट्रीय अपराध दर 66.2 प्रतिशत रही। प्रति एक लाख जनसंख्या के सापेक्ष अपराधों की संख्या को अपराध दर के रूप में परिभाषित किया गया है। महिला शील भंग से जुड़े मामलों में उत्तर प्रदेश का 19वां स्थान रहा। देश में ऐसे मामलों की कुल संख्या 83,891 रही और अपराध दर 12.4 प्रतिशत रही, जबकि उत्तर प्रदेश 9,453 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 8.3 प्रतिशत रही। बच्चों के विरुद्ध अपराध में भी अपराध दर राष्ट्रीय दर से कम रही और उत्तर प्रदेश का 29वां स्थान रहा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दुनिया' 'देश' 'छीना' 'झपटा'

सारी दुनिया ही में जिनपे लानतें हैं बेशुमार,
ऐसे लोगों से हमारा देश तो डरता नहीं।
वो जिन्होंने मुल्क से छीना भी है झपटा भी है,
उनसे कुछ उम्मीद भी ये मुल्क अब करता नहीं।














**क्या अधिकारी और क्या बच्चे सबके मन को भाया नुमाईश कैम्प का दशहरा पर्व, कार्यक्रम के कुछ मनोहारी क्षण।**







## अतिशय क्षेत्र वहलना में बही भक्ति संगीत व ज्ञान की रसधारा

### – वार्षिक मेला और रथयात्रा महोत्सव में दिखाई दिया उत्साह

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** श्री दिगम्बर जैन परम्परा के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में प्राचीन परंपराओं के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य वार्षिक मेला-रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कड़ी में प्रातः 7 बजे श्री जी का अभिषेक एवं पूजन दैनिक नित्य नियम पूजन प्रक्षाल शांतिधारा के उपरांत क्षेत्र पर पूरे हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ वार्षिक मेला एवं रथयात्रा महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम का प्रारंभ मंगल ध्वजारोहण उद्यमी धर्म परायण नरेंद्र जैन, विपिन जैन, संजय जैन, राजीव जैन, अभिषेक जैन (पारस टीएमटी) नावला परिवार द्वारा किया गया। पारस पालना उद्घाटन दिव्या जैन, श्री जैन, चंद्रिका जैन, रिशिमा जैन गर्ग डुप्लेक्स परिवार ने किया। दोपहर 11 बजे मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम समारोह के अतिथि निर्मल जैन सेवानिवृत्त जज नई दिल्ली व अरुण जैन, संजीव जैन, राजीव जैन (गर्ग डुप्लेक्स ने शोभा बढ़ाई। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना के अतिथि के रूप में सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बलियान, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक पंकज मलिक, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सपा नेता प्रमोद त्यागी ने कार्यक्रम में उपस्थिति देकर शोभा बढ़ाई। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत सुधीर जैन, योगेश जैन, विनेश जैन, सुनील जैन, अमित जैन, सौरभ जैन, विप्लव जैन, अविरल जैन, अपूर्व जैन नावला परिवार द्वारा तिलक लगाकर किया गया। पंडाल में सागर से पधारी जैन भजन गायिका अहिंसा जैन ने भक्ति भाव से अपने मधुर स्वर में भजनों के माध्यम से सभी का मन मोहा। जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रथयात्रा में पात्रों का चयन लक्की ड्रा कूपन के माध्यम से किया गया। श्री जी को लेकर रथ में बैठने का सौभाग्य प्रदीप जैन, सारथी अनिल जैन चुने गए। कुबेर बनने का सौभाग्य अमित जैन, अथर्व जैन को, दाएं इंद्र के रूप में मनोज जैन एलजी व बाएं इंद्र जिनेन्द्र जैन बने। इसी प्रकार कूपन लक्की ड्रा कर माध्यम से अन्य पात्रों का भी चयन हुआ। बाहर से आए बैंड बाजों की मधुर धुन ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। रथयात्रा में रथ के आगे युवाओं व महिलाओं ने आरती व नृत्य करके भक्ति कर धर्मलाभ लिया। रथयात्रा परिसर में घूमकर पांडुक शीला पहुंची जहां श्री जी का अभिषेक के बाद सायंकाल सभी आयोजन में सहयोग करने वाले, समाज सेवी संस्थाओं का सम्मान कर प्रशस्त्रि पत्र देकर समारोह का समापन किया। आयोजन को सफल बनाने में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राजेश जैन गर्ग डुप्लेक्स, मनोज जैन, शशांक जैन आदर्श परिवार, विपिन जैन पारस टीएमटी, रविंद्र जैन, राकेश जैन,चंद्र मोहन जैन, जितेंद्र जैन, मनोज जैन, पंकज जैन, प्रवीण जैन, गौरव जैन, वैभव जैन, सौरभ जैन, रविंद्र जैन, राजीव जैन, राजेश जैन, अजय जैन, आशीष जैन, विप्लव जैन, रोहित जैन अप्पू, प्रदीप जैन, अशोक जैन, अभय जैन, विजय जैन, विपिन जैन, अमित जैन, दिनेश जैन, अभिषेक, सतीश, आशीष जैन, अभिनव, ऋषभ जैन के साथ सकल जैन समाज मुजफ्फरनगर का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सुंदर संचालन रविंद्र जैन व पुनीत जैन ने किया।





## राजवंशी धर्मशाला पर विजय दशमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बुस.)।** बृहस्पतिवार को वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा रजि. मुजफ्फरनगर द्वारा लक्ष्मण विहार स्थित राजवंशी धर्मशाला पर विजय दशमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद गर्ग अध्यक्ष एवं संचालन महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम ५ बार गायत्री मंत्र का उच्चारण कर मां कुलदेवी लक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन जी महाराज, अमर शहीद राजा रतन चंद्र जी की मूर्तियों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किये गये। महामंत्री शलभ गुप्ता के द्वारा विजय दशमी के पर्व पर प्रकाश डाला गया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम ने रावण रूपी राक्षस का अंत कर सनातन धर्म की स्थापना की थी। पूर्व महिला उपाध्यक्ष अनिता राजवंशी जी और महिला मंत्री गुंजन गर्ग ने सुन्दर कविताओं का पाठ किया। राजेंदर प्रसाद गर्ग और इंजी. सुनील गुप्ता ने कहा कि राम मर्यादा पुरूषोतम राम है, जिन्होंने समाज मै सनातन की स्थापना की और धर्म की स्थापना की। समारोह को पंकज राजवंशी, अजय गर्ग, अमित गुप्ता, पी.के. गर्ग, विपिन गुप्ता आदि ने भी सम्बोधित किया। मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद गर्ग, शलभ गुप्ता, राजेंदर कुमार गोयल, अमित गुप्ता एडवोकेट, विपिन गुप्ता, अलोक गर्ग एडवोकेट, पंकज राजवंशी, वैभव मित्तल, राहुल मित्तल, अनिता राजवंशी, गुंजन गर्ग, रश्मि गुप्ता, भावना गुप्ता, शिप्रा गुप्ता, अदिति गुप्ता, सीमा गोयल, अंकित गुप्ता, आकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश गोयल, विनय कुमार, महेश चंद गुप्ता, विजय गर्ग, पी.के. गर्ग,राजेंद्र गुप्ता आलू वाले आदि सैंकड़ों राजवंश बंधू मौजूद रहे।

## श्री गांधी आश्रम कचहरी रोड पर आयोजित हुआ गांधी जयंती समारोह



**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बुस.)।** आज गांधी आश्रम खादी भंडार कचहरी रोड मुजफ्फरनगर परिसर में नगर के समस्त गांधी आश्रम जिला आचार्यकुल बालकृष्ण सेवा समिति और युग्म ग्राम विकास समिति के संयुक्त सौजन्य से पूज्य महात्मा गांधी एवं दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस जयंती समारोह के मुख्य अतिथि होती लाल शर्मा ट्रस्टी राष्ट्रीय आचार्य, कुल और अध्यक्षता गांधी आश्रम कचहरी रोड के प्रबंधक मुनीश्वर यादव ने की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि सहित जिला अध्यक्ष चौ. राजवीर सिंह, आचार्य सीताराम, ब्रह्म प्रकाश त्यागी, शहर काजी तनवीर आलम, महबूब आलम, ठाकुर महेंद्र सिंह, विनोद चौहान, सरिता शर्मा अरोड़ा, पन्नालाल यादव, यशपाल शर्मा, डॉ. राजीव कुमार, बाल कल्याण समिति डॉ सुनील शर्मा, पवन चौधरी, आचार्य सतीश कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीपक प्रज्वलंकर महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण करके दोनों महान विभूतियां को पुष्पांजलि और सूतांजलि भेंट की। इस अवसर पर गांधी आश्रम कचहरी रोड द्वारा प्रमुख गांधी विचारक होती लाल शर्मा को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके सृजनात्मक और रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए गांधी विनोबा और शास्त्री जी के विचारों को समाज में जागृत करने जैसे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। अंत में प्रबंधक गांधी आश्रम कचहरी रोड मुनीश्वर यादव ने सबके प्रति धन्यवाद व्यापित किया।



## गांधी-शास्त्री जयंती पर किया चेयरपर्सन ने महापुरुषों को नमन, दिया स्वच्छता का प्रेरक संदेश




**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** नगर पालिका परिषद द्वारा दो भिन्न स्थलों पर प्रेरक एवं जन-जागरणकारी कार्यक्रमों के बूते लोगों को स्वच्छता का प्रेरक संदेश देने के साथ महापुरुषों को नमन किया। पालिका परिसर में संपन्न ध्वजारोहण व स्वच्छता रैली के माध्यम से जहां महात्मा गांधी के सिद्धांतों व स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया, वहीं नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को आत्म निर्भरता, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की मौजूदगी में संपन्न कार्यक्रम में टाउनहाल परिसर में ध्वजारोहण करने के बाद पालिका सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीरों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सादगी, सत्य और अहिंसा का प्रतीक है। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। बाद में उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर स्वच्छता सेवा अभियान के तहत जागरूकता रैली नगर पालिका परिसर से शिव चौक तक निकाली गई। रैली का शुभारंभ चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, सभासद बॉबी सिंह, कुसुमलता पाल, सुनीता अंबेडकर, रितु त्यागी के साथ किया।

## सरकारी कार्यालयों तथा सभी सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं में मनाई गई गांधी जयंती




**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सरकारी कार्यालयों के साथ सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों महापुरुषों को याद किया गया। इस कड़ी में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीएम उमेश मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है, क्योंकि यह हमें दो महान व्यक्तित्वों के जीवन, विचारों और आदर्शों को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सादगी, अनुशासन और सेवा भाव को जीवन में धारण कर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश को जय जवान, जय किसान का अमर नारा दिया, जिसने लोगों में आत्म विश्वास व आत्मनिर्भरता की भावना का संचार किया। उन्होंने महापुरुषों के जीवन आदर्शों को अपनाने के आह्वान के साथ स्पष्ट किया कि वास्तव में यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। इस दौरान एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों पर चलकर हम लोगों के साथ में सादगी पूर्ण व्यवहार करें एवं कार्यालय में अपनी समस्या लेकर आने वाले व्यक्ति की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करें एवं सदा जीवन उच्च विचार के संस्कारों पर आगे बढ़े। वहीं एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की आज हम जयंती मना रहे हैं, ऐसे में हम सभी यह संकल्प लें कि हम गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों को अपने आचरण और कार्यों में उतारेंगे तथा स्वच्छ, समरस, आत्म निर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में अपना अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान एडीएम न्यायिक समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोरल टेक्नोराईज जूनियर हाईस्कूल खालापार, मुजफ्फरनगर से परीक्षा वर्ष 2019 में कक्षा-2 उत्तीर्ण मेरी पुत्री अलीजा के स्कूल रिकॉर्ड में हमारी गलती (त्रुटिवश) से माता का नाम मुमताज व पिता का नाम अहसान इलाही दर्ज हो गया था, जो कि गलत है। यह नाम मेरी पुत्री के नाना-नानी के हैं। मेरी पुत्री अलीजा की माता का सही नाम निलोफर व पिता का नाम हसीन अहमद है, जोकि आधार कार्ड में भी दर्ज हैं। भविष्य में सभी कार्यो हेतु यही नाम माने व समझे जायें।

निलोफर पत्नी हसीन अहमद
म. नं. 581/1, रहमतनगर,
मुजफ्फरनगर





## शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) ने गांधी कॉलोनी दशहरा ग्राउंड पर 23वां जलसेवा शिविर लगाया

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बुस.)।** शहीद भगत सिंह सेवादल द्वारा गांधी कॉलोनी स्थित दशहरा ग्राउंड पर आज 23वां जलसेवा शिविर लगाया गया। सर्वप्रथम जलसेवा शिविर का उद्घघाटन मुख्य अथिति अंकुर दुआ (सदस्य भारतीय प्रेस परिषद एवं संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन), वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंघल व वरिष्ठ भाजपा नेता कुशपुरी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अथिति अंकुर दुआ ने कहा कि जलसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती, जहाँ ग्राउंड पर आयी हजारों की भीड़ की सबसे बड़ी जरूरत को सेवादल ने समझा ओर जलसेवा का शिविर लगाने लगे। शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) के सभी सेवादारों के नेक कार्य की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर बोलते हुए दल के चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा व जिला महामंत्री विकास कुमार अरोरा ने कहा कि ये पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का, अन्याय पर न्याय की जीत का, अधर्म पर धर्म की जीत का महापर्व है, हमे हमेशा अच्छी सोच रखते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक राज किशन बाठला, चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा, जिला अध्यक्ष राकेश ढींगड़ा, जिला महामंत्री विकास कुमार अरोरा, दिवप्रीत सिंह "हन्नी", स. हन्नी सेखों, संजय मलिक, विजय गिरधर, अखिल तागरा, अमित अरोरा, मुकुल दुआ, नितेश बक्शी, हितेश आंनद, टोनी सरदार, नवनीत लौ, विवेक चुग, विक्की बाठला, सुशील कपूर, योगेश कालरा, रोहन अरोरा, संजय मलिक, सागर वत्स, ऋषिराज राही (वरिष्ठ पत्रकार), हर-कृष्ण गुलाटी, डॉ. अनुज आर्य, राजेश कपिल पंडित, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## हरियाणवी डांसर सपना चौधरी की मां का निधन, लीवर की बीमारी से पीड़ित थीं

**गुरुग्राम, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** हरियाणा की मशहूर डांसर और सिंगर सपना चौधरी की मां नीलम चौधरी का निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से पीलिया की बीमारी से जूझ रही थीं और दिल्ली के द्वारका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं। इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और मंगलवार रात करीब 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार को नीलम का अंतिम संस्कार नजफगढ़ के श्मशान घाट पर किया गया। इसमें सपना चौधरी, उनके पति वीर साहू और परिवार के करीबी सदस्य मौजूद रहे। मां की मौत से परेशान और दुखी सपना चौधरी ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रोफाइल फोटो भी ब्लैक कर दी है। नीलम चौधरी लंबे समय से लीवर संबंधी दिक्कतों से परेशान थीं। डॉक्टर लीवर ट्रांसप्लांट की संभावना पर विचार कर रहे थे, लेकिन संक्रमण बढ़ने से हालत और खराब हो गई। सपना चौधरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें धमकी मिली थी, तो मां नीलम ने 15 दिन तक घर में छिपाकर रखा था। संघर्ष के दिनों में भी वे बेटी की सबसे बड़ी ताकत बनीं। नीलम चौधरी नजफगढ़ की दुर्गा विहार कॉलोनी में रहती थीं। 2020 में जब सपना चौधरी ने शादी की थी, तब इसकी पुष्टि भी नीलम ने मीडिया से की थी। सपना हरियाणवी सिंगर वीर साहू के साथ शादी के चलते भी सुर्खियों में रहीं थीं। वीर साहू ने फेसबुक पर खुलासा किया था कि उनकी शादी सपना से हो गई है और सपना एक बेटे की मां भी बन गई हैं। 24 जनवरी 2020 को दोनों ने गुपचुप तरीके से मंदिर में शादी की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवार में मौत होने की वजह से वे प्रशंसकों के साथ खुशियां साझा नहीं कर पाए थे। इसके साथ ही गर्भवती होने की खबरों पर सपना को ट्रोल करने वालों पर भड़कते हुए उन्होंने कहा था कि किसी के निजी जीवन में लोगों का हस्तक्षेप बिल्कुल भी ठीक नहीं है। हमने अपनी इच्छा से शादी की है। लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।



## दिवाली से पहले ही खराब हुई नोएडा की हवा! 227 पहुंचा एयर क्वालिटी इन्डेक्स

**नई दिल्ली, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने के पहले ही दिन वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई। गुरूवार को प्रदूषण के स्तर के हिसाब से नोएडा देश का दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 227 रहा। खास बात यह है कि 122 दिनों बाद नोएडा की हवा खराब श्रेणी में गई है। इससे पहले 31 मई को यहां प्रदूषण का स्तर बढ़ा था। दिल्ली-एनसीआर में मौसम में बदलाव को ध्यान में रखते हुए एक अक्टूबर से ग्रैप लागू कर दिया गया है, हालांकि इसके अंतर्गत आने वाले प्रतिबंध अभी शुरू नहीं किए गए हैं। आमतौर पर अक्टूबर के महीने से ही क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगता है, इसीलिए इस अवधि में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य कर दिया जाता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मीडिया सलाहकार ने बताया कि ग्रैप के तहत पाबंदियां तभी लागू होंगी, जब दिल्ली में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ेगा। फिलहाल दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से नीचे बना हुआ है। देश के प्रदूषित शहरों की सूची में बुधवार को मध्य प्रदेश का मैहर सबसे ऊपर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार मैहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 232 दर्ज किया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश का नोएडा दूसरे नंबर पर रहा, जहां एक्यूआई 227 मापा गया।

## जिले को मिली दूसरी वंदे भारत, सहारनपुर-लखनऊ के बीच दौड़ेगी

**सहारनपुर, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** जिले को दूसरी वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल गई है। यह ट्रेन सहारनपुर से लखनऊ के बीच दौड़ेगी। इसका रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट किया है। हालांकि, ट्रेन कब से चलेगी, इसका



अभी कोई जिक्र नहीं किया गया। अभी वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से सहारनपुर होकर आनंद विहार जाती है। देहरादून से सुबह सात बजे रवाना होती है, जो सहारनपुर में सुबह 9:27 बजे पहुंचती है और आनंद विहार पहुंचने का समय पूर्वाह्न 11:45 बजे है। वापसी में आनंद विहार से शाम 5:50 बजे चलकर सहारनपुर में रात 7:55 बजे आती है। पिछले दिनों नगर विधायक ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर चंडीगढ़ से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की थी। लिखा था कि अभी बेगमपुरा और चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस रात्रि में चलती है। इन ट्रेनों में अधिक भीड़ रहती है। यह ट्रेनें अधिक दूरी होने के कारण समय भी काफी अधिक लेती है। अब रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने जिले को दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दे दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट डाली है।

## पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र का निधन, मिर्जापुर में बेटी के घर अंतिम सांस ली

**मिर्जापुर, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** शास्त्रीय गायक, पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र का गुरूवार तड़के निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उन्होंने सुबह 4.15 बजे बेटी नम्रता मिश्रा के मिर्जापुर स्थित घर पर अंतिम सांस ली। छन्नूलाल मिश्र का 'खेले मसाने में होली...' गीत आज भी हर किसी की जुबां पर है। पंडित छन्नूलाल मिश्र की चार बेटियां और एक बेटा है। पत्नी और एक बेटी का 4 साल पहले निधन हो चुका है। नम्रता ने बताया- अंतिम संस्कार आज शाम काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। छन्नूलाल मिश्र 2014 लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के प्रस्तावक रहे थे। मोदी और सीएम योगी ने उनके निधन पर दुःख जताया है। पंडित छन्नूलाल मिश्र की तबीयत 7 महीने से खराब थी। हाल ही में वो 17 दिन हॉस्पिटल में एडमिट रहे। 11 सितंबर को मिर्जापुर में बेटी के घर तबीयत बिगड़ी। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें रामकृष्ण सेवाश्रम हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। 13 सितंबर की रात बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल लाया गया। तबीयत में सुधार होने पर उन्हें 27 सितंबर को डिस्चार्ज किया गया। फिर वह बेटी के घर मिर्जापुर चले गए थे। बीएचयू की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टरों ने बताया था- पंडित छन्नूलाल को एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम है। फेफड़ों में गंभीर सूजन है। उन्हें टाइप-2 डायबिटीज, हाईब्लड प्रेशर, ऑस्टियोआर्थराइटिस और प्रोस्टेट बढ़ा है। पंडित छन्नूलाल मिश्र का जन्म 3 अगस्त 1936 को यूपी के आजमगढ़ स्थित हरिहरपुर में हुआ था। उनके दादा गुदई महाराज शांता प्रसाद एक प्रसिद्ध तबला वादक थे। छन्नूलाल ने छह साल की उम्र से ही अपने पिता बद्री प्रसाद मिश्र से संगीत की बारीकियां सीखनी शुरू कीं। 9 साल की उम्र में उनके पहले गुरु किराना घराने के 'उस्ताद अब्दुल गनी खान' ने खयाल सिखाया। इसके बाद ठाकुर जयदेव सिंह ने उन्हें प्रशिक्षित किया।



## संजीव बालियान ने न्याय की राह को किया आसान: धामी

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** श्रद्धांजलि सभा के दौरान उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष तौर पर पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान के प्रयासों को सार्वजनिक करते हुए आभार जताया, जिसमें उनके द्वारा रामपुर तिराहा गोलीकांड के पीड़ितों को न्याय मिलने का मार्ग साफ हुआ। उन्होंने कहा कि उक्त घटना मात्र घटना ही नहीं अपितु उत्तराखंड समेत देश के इतिहास में काला अध्याय है। सपा सरकार में यह क्रूर घटना घटी, जिसके लिए जनता कभी उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह घटना जलियांवाला बाग हत्याकांड से भी ज्यादा क्रूर थी। न्यायालय ने भी अपने फैसले के दौरान की टिप्पणी में इसे माना है। डॉ. संजीव बालियान ने केन्द्र में मंत्री व मुजफ्फरनगर से सांसद रहते हुए इन मुकदमों की पैरवी को मजबूत बनाने के लिए हमारा सहयोग किया और न्याय मिलने का रास्ता साफ हुआ। उधर, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने धामी सरकार की उपलब्धियों को सराहनीय बताते हुए कहा कि शहादत से उत्तराखंड राज्य का जन्म हुआ है। ये तिराहा ही दोनों राज्यों को गहरे संबंध में बांधता है। इस कांड के बाद भी दोनों राज्यों में आपसी भाईचारे और लगाव का रिश्ता पहले की भांति मजबूत है। 30 साल तक पीड़ितों ने मुकदमे लड़े और अब न्याय मिलना प्रारम्भ हुआ, ये धामी सरकार की शहीदों के प्रति संकल्प को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उत्तराखंड सरकार में धर्म संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई व पंचायती राज विभाग के मंत्री सतपाल महाराज, यूपी सरकार में मंत्री अनिल कुमार, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, विधायक प्रदीप बत्रा, विधायक उमेश शर्मा, विधायक वीरेन्द्र जाति, रुड़की नगर निगम के मेयर ललित मोहन अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अंथवाल, राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद् के अध्यक्ष सुभाष बड़थवाल, उत्तराखंड संस्कृति, साहित्य कला परिषद् उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, संस्कृति सचिव योगेन्द्र किशोर पन्त, राज्य आंदोलनकारी कमला भमोला, रिषीप्रकाश काला, त्रिलोक भट्ट, पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाकियू नेता विकास शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




## राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को खुली चेतावनी, बोले- अगर हिमाकत की तो ऐसा जवाब देंगे कि इतिहास-भूगोल बदल जाएगा

**कच्छ, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरूवार को दशहरा के मौके पर गुजरात दौरे पर हैं। उन्होंने कच्छ जिले के भुज में एक मिलिट्री बेस पर शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक रीजन में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा- आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिए इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। राजनाथ सिंह ने कहा- जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है। अगर सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से कोई हिमाकत की गई, तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लेह से सर क्रीक तक, भारत के डिफेंस सिस्टम में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। वहीं, भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया। उन्होंने कहा- भारत की सेना ने दुनिया को यह संदेश दिया कि वह जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने सभी मकसद को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। हालांकि, सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी आर्म्ड फोर्सेस ने दिखा दिया कि भारत के सम्प्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतें चाहे जहां भी छिपी हो, हम उन्हें ढूंढकर उनका खात्मा करने की शक्ति रखते हैं। दुनिया की कोई भी ताकत को, अगर हमारी सम्प्रभुता को चुनौती देता, तो भारत चुप नहीं बैठेगा।



## बागपत में पूर्व गृह सचिव के भतीजे की लाश मिली, मुंह से खून बह रहा था

**बागपत, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** यूपी के पूर्व गृह सचिव के भतीजे की लाश बागपत के एक कॉलेज में पड़ी मिली। उसके मुंह से खून बह रहा था। शरीर के ऊपरी हिस्से के कपड़े गायब थे। दोनों हाथ पट्टियों से बंधे थे। सिर, चेहरे, छाती और कमर पर चोट के गहरे निशान थे। कॉलेज के स्टाफ और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मॉर्निंग वॉकर्स ने शव की शिनाख्त पड़ोसी गांव निवासी संयम सिंह (30) के रूप में की। संयम दो दिन पहले हरिद्वार घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से उसका नंबर स्विच ऑफ था। संयम के ताऊ बिजेंद्र सिंह यूपी प्रशासन में गृह सचिव रह चुके हैं। बड़ी चचेरी बहन देविका राजस्थान में एसडीएम है। युवक कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहा था। उसके जीजा विनोद खेड़ा भाकियू के प्रवक्ता हैं। घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की गुरुवार सुबह की है। बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कॉलेज परिसर में गुरुवार सुबह 7 बजे डेयरी विभाग के पास मॉर्निंग वॉकर्स ने एक युवक का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना कॉलेज स्टाफ को दी। शव की पहचान कॉलेज से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित बावली गांव के रहने वाले संयम, पुत्र- वीरेंद्र के रूप में हुई। कॉलेज स्टाफ की सूचना पर सीओ बड़ौत डॉग स्क्वॉयड और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक के शरीर पर चोट के कई निशान थे। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

## स्मारक पर दानदाता महावीर प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** गुरूवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भूमि दानकर्ता रामपुर निवासी स्व. महावीर प्रसाद शर्मा की शहीद स्थल पर लगाई गई प्रतिमा का अनावरण किया। संस्कृति सचिव युगल किशोर पन्त ने बताया कि शहीद स्थल पर सीएम धामी ने 2024 में 30वीं बरसी पर मूर्ति स्थल निर्माण का शिलान्यास किया था। यहां पं. महावीर प्रसाद शर्मा की मूर्ति निर्माण व स्थल सौन्दर्यकरण का कार्य उत्तराखंड सरकार ने कराया। कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण निगम प्रखण्ड हरिद्वार ने 14.75 लाख रुपये के खर्च पर शर्मा जी की मूर्ति स्थापित की गई है। इस दौरान उत्तराखंड के मंत्री सतपाल महाराज, महावीर प्रसाद शर्मा के पुत्र अनिरुद्ध पप्पू शर्मा, अलका शर्मा, शुभम शर्मा, हिमानी शर्मा व पोती मोहिनी शर्मा मौजूद रहे। मंच पर पप्पू शर्मा व उनकी पत्नी अलका शर्मा ने सीएम धामी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## संभल में बुलडोजर एक्शन, मैरिज हॉल गिराया, मस्जिद को भी ढहाया जाएगा, डीएम-एसपी पहुंचे, इलाका छावनी में तब्दील

**संभल, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** संभल में अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का एक्शन जारी है। गुरूवार को मस्जिद और मैरिज हॉल पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। प्रशासन की टीम पहले मैरिज हॉल को गिरा रही हैं। फिर इसके बाद मस्जिद को गिराया जाएगा। दोनों सटे हुए बने हैं। प्रशासन का दावा है कि मामला राया बुजुर्ग गांव का है। यह संभल मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर है। मस्जिद और मैरिज हॉल तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाए गए हैं। मामले को देखते हुए पूरे गांव को छावनी में बदल दिया गया है। पीएसी जवानों के साथ कई थानों का पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस प्रशासन ने गांव में घोषणा की थी कि ग्रामीण अपने-अपने घरों में रहें और बाहर न निकलें। संभल एसपी केके बिश्नोई ने कहा- यहां इन्हें 30 दिनों का समय दिया गया था। 30 दिन बाद भी जब इनके द्वारा इसे नहीं तोड़ा गया, तो प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि इसे स्वयं तोड़ा जाएगा। यह एक अवैध निर्माण था। इन्हें पर्याप्त समय दिया गया था। यहां पुलिस की पूरी व्यवस्था है। यहां ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। यह काफी बड़ा क्षेत्र है। इस जगह का निर्माण कई बीघा जमीन पर किया गया था। गांव में विरोध की आशंका को देखते हुए कई थानों की पुलिस के अलावा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही थी। इससे पहले 13 सितंबर को तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह और नायब तहसीलदार दीपक जुरैल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी भूमि पर बनी मस्जिद-मदरसा और मकानों पर लाल निशान लगाए थे। संभल डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने कहा- जिले भर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। यह तालाब की जमीन है, जिस पर एक बड़ा मैरिज पैलेस बना है। कोर्ट में सभी पक्षों को सुना गया। उसके बाद तहसीलदार कोर्ट ने आदेश जारी किया और हम उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। सभी की राय है कि अगर यह अवैध रूप से बना है, तो इसे गिरा दिया जाना चाहिए। तहसीलदार संभल धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया- मस्जिद बहुत पहले चिह्नित की गई थी। राजस्व लेखपाल ने इसके खिलाफ धारा-67 की कार्रवाई करने को नोटिस दिया गया था। ये नोटिस 2 सितंबर को दिया गया था। इन लोगों से साक्ष्य मांगे गए थे, लेकिन कोई साक्ष्य हमें नहीं दिया गया, जिसके चलते ही आज ये बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है।




## एक ने खाया जहर तो एक ने लगाया फांसी का फंदा, दोनों की हालत स्थिर

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** आजकल ऐसा समय आ गया है कि अगर बच्चों को भी कुछ कहें, तो बच्चे गलत कदम उठाने पर उतर आते हैं। कभी अपने आप को नुकसान पहुंचाते हैं, तो कभी दूसरों को नुकसान पहुंचा देते हैं। शायद हम इसे संस्कारों की कमी कहेंगे। आजकल की युवा पीढ़ी कुछ भी करने पर आमदा हो जाती है। पिछले कुछ समय से आत्महत्या के मामले युवाओं के सामने आ रहे हैं। ऐसा ही आत्महत्या का मामला तितावी थाना क्षेत्र के गांव दनसनी से आया है, जहां विनीत कुमार ने घर में किसी अज्ञात कारणों से जहरीली चीज का सेवन कर लिया। जब परिवार के लोगों को पता चला कि विनीत ने कुछ जहरीली चीज खा ली है तो विनीत के घर पर हड़कंप सा मच गया। विनीत के परिवार के लोग उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले ले गए। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने स्थिति को भांपते हुए उसे तुरंत जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रैफर कर दिया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। फिलहाल विनीत की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। वहीं दूसरा मामला कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला निवासी प्रिंस पुत्र राधेशयाम का है, जिसने भी अज्ञात कारणों से घर पर फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने फांसी पर लटका देखा, तो उसे जिला अस्पताल ले गये। जहां उसका उपचार किया गया। उपचार के बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।



## सांसद चंद्रशेखर किए गए हाउस अरेस्ट, बोले- बरेली विवाद से विपक्ष और प्रशासन के बीच में बढ़ी दूरियां

**सहारनपुर, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश का बरेली इस समय आई लव मोहम्मद विवाद और उसके बाद भड़की हिंसा को लेकर सियासी भूचाल का केंद्र बना हुआ है। मस्जिदों तक पहुँचने से रोके जा रहे लोगों और पुलिस की सख़्ती ने न केवल स्थानीय समाज में असंतोष पैदा किया है, बल्कि विपक्षी नेताओं के लिए भी सरकार पर निशाना साधने का बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसी कड़ी में भीम आर्मी चीफ और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद को सहारनपुर में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। प्रशासन का तर्क है कि सुरक्षा कारणों से उन्हें बरेली जाने से रोका गया। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या वास्तव में यह सुरक्षा का मामला है या सरकार सच को सामने आने से रोक रही है? 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर बरेली में बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई। भीड़ ने प्रदर्शन की कोशिश की, पुलिस ने रोका और हालात बेकाबू हो गए। पथराव, लाठीचार्ज और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी के बाद पूरा मामला सांप्रदायिक तनाव में बदल गया। यह विवाद अचानक नहीं आया था। इसकी शुरूआत कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान आई लव मोहम्मद बैनर से हुई थी। बाद में यह कई जिलों में फैल गया और अब यह एक राजनीतिक-सामाजिक टकराव का रूप ले चुका है। चंद्रशेखर आजाद ने योगी सरकार पर सीधा वार करते हुए कहा कि अगर बरेली में सब कुछ सामान्य है, मुस्लिम भाई सुरक्षित हैं और कोई अन्याय नहीं हो रहा है, तो फिर सरकार उन्हें वहां जाने से क्यों रोक रही है? उन्होंने यह भी कहा कि घटनाएँ अचानक नहीं होतीं, उनके पीछे कोई योजना होती है।



## दौलतराम स्वीट्स के एसी में लगी आग

**मुजफ्फरनगर, 2 अक्टूबर (बु.)।** रात लगभग 10:30 बजे शहर डाकखाने के सामने स्थित दौलतराम स्वीट्स में आग लग गयी। दौलतराम स्वीट्स के स्वामी राजीव कुमार जब तक दुकान बंद करके घर जा चुके थे। जैसे ही आग लगने की सूचना पास पड़ौस के लोगों ने राजीव कुमार को दी तो आनन-फानन में दुकान पर वापस लौटे और दुकान का शटर खोलकर देखा तो दुकान के एसी में आग लग चुकी थी। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और हाथोंहाथ आग पर काबू पाया गया। दौलतराम स्वीट्स के स्वामी राजीव कुमार का बताना है कि गनीमत रही कि आग लगते ही इसकी सूचना मिल गयी, जिससे थोड़ा-बहुत नुकसान तो जरूर हुआ मगर लाखों का नुकसान होने से बच गया। आग के प्रभाव से काउंटर के शीशे टूट गए और थोड़ी-बहुत मिठाईयां क्षतिग्रस्त हुई। आग की सूचना पर उनके परिचित तुरन्त उनके पास ढाढस बंधाने के लिए पहुंचे। रात्रि में ही आग पर काबू पा लिया गया।



### शेष समाचार : हजारों स्थानों पर..

लाल खेड़ा, अभिषेक ग्रोवर एडवोकेट, प्रवीण खेड़ा, राजेश मल्होत्रा, विशाल डुमरा, राजीव धवन, राजेश साहनी, इंद्रजीत सुनेजा, एडवोकेट सुमित खेड़ा, डॉ प्रवीण कुमार, मुकुल दुआ, विवेक टंडन, नरेंद्र खेड़ा, मनीष, संदीप बजाज, मनजीत सिंह अनेजा, हरदीप सिंह, जितेंद्र मदान, ज्ञान प्रकाश अरोड़ा, पवन बाटला, सुनील खेड़ा, सतपाल पाहुजा, विपुल टंडन, तिलक राज वाधवा, कल्याण बाटला, राजेश पाराशर, संजय ढींगरा, एडवोकेट अरुण ग्रोवर, राजकुमार जलोत्रा, किशोर पाराशर, दीपक कुकरेजा, साहिल अरोरा, प्रदीप बजाज, अमन अरोरा, पवन यादव, सुरेंद्र पुनियानी, यश पुनियानी, अनिल चौधरी, अनुज कुमार आदि कमेटी के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाई। श्री राम सेवा दल के कार्यक्रम में रामलीला का मंचन भी हुआ इस अवसर पर राम की सेना और अहंकारी रावण के बीच युद्ध भी हुआ। अंत में रावण की हार हुई और प्रभु श्रीराम की जीत हुई। उसके पश्चात मैदान में आतिशबाजी की गई। रामलीला मंचन को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ मैदान में जुटी रही। रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले जलने के बाद नुमाइश मैदान में रावण कुंभकरण और मेघनाथ की जलती हुई लकड़ी लेने की भीड़ लग गई।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबे 7 युवक

**आगरा, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** आगरा के खेरागढ़ थाना क्षेत्र की डूंगरवाला उटंगन नदी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में उतरने वाले 7 युवक अचानक तेज बहाव में बह गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही खेरागढ़ थाना प्रभारी मदन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मदन सिंह ने वर्दी उतारकर खुद नदी में छलांग लगाई और भोला नामक युवक को नदी से बाहर निकाल लिया। हालांकि उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। 6 अन्य युवक अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। घाट पर मौजूद परिवार की महिलाएं और लड़कियां मां दुर्गा की प्रतिमा को पकड़कर आंसू बहाती रहीं। हाथ जोड़कर सलामती की प्रार्थना करती रहीं। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए दिल दहला देने वाला था। डीसीपी वेस्ट अतुल शर्मा और चेयरमैन सुधीर गर्ग भी घटनास्थल पर पहुंचे। डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। गोताखोरों की मदद से लापता युवकों की खोज जारी है। लापता युवकों में सचिन महावीर (15) पुत्र रामवीर सिंह, ओके (18) पुत्र किशन सिंह, भगवती (20) पुत्र मुरारीलाल, हरेश (20) पुत्र यादव, गगन (17) और ओमपाल (19) शामिल हैं। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए गोताखोरों की टीम लगाई है और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

## करंट लगने से व्यक्ति हुआ घायल

**मुजफ्फरनगर।** मामला तितावी पुलिस थाना के अन्तर्गत आने वाले बघरा से सामने आया है, जहां आशू उम्र 30 साल पुत्र मजरू को फैक्ट्री में काम करते हुए किसी कारण से करंट लग गया। करंट का झटका इतना तेज था कि आशू मौके पर ही बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी स्थिति को देखते हुए भर्ती किया गया है। अभी फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इसके अलावा नीरज पुत्र रमेश निवासी दौराला और अक्षय पुत्र ओमकार निवासी जड़ौदा का रुड़की-मेरठ रोड पर पड़ने वाले मिनोचा नर्सिंग होम के पास दुर्घटना का शिकार हो गये। नीरज को परिवार के लोग जिला अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल ले गये, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं दुसरे युवक अक्षय को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## पीएम मोदी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को जन्मदिन पर किया नमन, राजघाट और विजय घाट पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 02 अक्तूबर (एजेंसी)। देशभर में आज जहां दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, वहीं राष्ट्र अपने दो महान विभूतियों को उनके जन्म दिन पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी समाधि राजघाट पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समाधि स्थल विजय घाट भी पहुंचे और जन्म दिन पर उन्हें नमन किया, श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, गांधी जयंती प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं। मोदी ने कहा कि गांधी सेवा और करुणा की शक्ति को लोगों को सशक्त बनाने का आवश्यक साधन मानते थे। प्रधानमंत्री ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि दी, जिनकी जयंती भी बृहस्पतिवार को है। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री एक असाधारण राजनेता बताया जिनकी ईमानदारी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प ने भारत को मजबूत बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यलाल बहादुर शास्त्री अनुकरणीय नेतृत्व, शक्ति और निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक थे। ह्यजय जवान जय किसानह्न के उनके आह्वान ने हमारे लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई। वह हमें एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रयास में प्रेरित करते रहते हैं। पीएम मोदी स्वदेशी पर अत्यधिक जोर देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदना गांधी और शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। गुजरात में 1869 में जन्मे गांधी को अपने युग का सबसे प्रभावशाली भारतीय माना जाता है क्योंकि उन्होंने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को आकार दिया और दुनिया भर में उनके अनुयायी बने। शास्त्री का जन्म 1904 में उत्तर प्रदेश में हुआ था और जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री के रूप में उनके छोटे से कार्यकाल के दौरान जब भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ा था तो उनकी ईमानदारी और देश के नेतृत्व ने उन्हें सार्वभौमिक प्रशंसा दिलाई।



## आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- निर्भरता मजबूरी न बने, पहलगाम हमले से दोस्त-दुश्मनों का पता चला, सुरक्षा के लिए सतर्क और ताकतवर बनना होगा

**नागपुर, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरूवार को कहा, 'पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया। इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला।' उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय सम्बंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह बात गुरूवार को नागपुर में विजयादशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही। उन्होंने 41 मिनट के भाषण में समाज में आ रहे बदलाव, सरकारों का रवैया, लोगों में बेचैनी, पड़ोसी देशों में उथल-पुथल, अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया। इससे पहले भागवत ने आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। शस्त्र पूजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि थे। आज पूरी दुनिया में अराजकता का माहौल है। ऐसे समय में पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। आशा की किरण ये है कि देश की युवा पीढ़ी में अपने देश और संस्कृति के प्रति प्रेम बढ़ा है। समाज खुद को सक्षम महसूस करता है और सरकार की पहल से खुद ही समस्याओं का निदान करने की कोशिश कर रहा है। बुद्धिजीवियों में भी अपने देश की भलाई के लिए चिंतन बढ़ रहा है।' अमेरिका ने जो नई टैरिफ नीति अपनाई उसकी मार सभी पर पड़ रही है, इसलिए दुनिया में आपसी सम्बंध बनाने पड़ते हैं। आप अकेले नहीं जी सकते, लेकिन ये निर्भरता मजबूरी में न बदल जाए। इसलिए हमको इसको मजबूरी न बनाते हुए आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। प्राकृतिक उथल-पुथल के बाद पड़ोसी देशों में भी उथल-पुथल देखने को मिल रही है। कभी-कभी होता है प्रशासन जनता को ध्यान में रखकर नीति नहीं बनाता, उनमें असंतोष होता है, लेकिन उसका इस तरह से सामने आना ठीक नहीं है। इतनी हिंसा सही नहीं है। लोकतांत्रिक तरीके से बदलाव आता है। हिंसक परिवर्तनों से उद्देश्य नहीं मिलता, बल्कि अराजकता की स्थिति में बाहर की ताकतों को खेल-खेलना का मौका मिल जाता है। पड़ोसी देशों में ऐसा होना हमारे लिए चिंता का विषय है, क्योंकि वे पहले हमारे लोग ही थे।



## प्रेमिका को बाइक से 500 मीटर घसीटा, प्रयागराज में प्रेमी दुपट्टा गले में फंसाकर घसीटता रहा

**प्रयागराज, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** प्रयागराज में प्रेमिका से क्रूरता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक ने अपनी प्रेमिका को देर रात मिलने को बुलाया। इसके बाद प्रेमिका से उसकी कहासुनी हो गई। दोस्त के साथ पहुंचा प्रेमी युवती को बाइक पर बैठाकर साथ ले जाना चाहता था। युवती ने इंकार किया तो वह मारपीट करने लगा। पहले तो युवती को जमकर पीटा। इसके बाद दरिंदगी की हद करते हुए युवती के गले में लिपटा दुपट्टा पकड़ लिया। इसके बाद प्रेमी बाइक पर युवती को घसीटने लगा। बाइक दोस्त चला रहा था, प्रेमी पीछे बैठ युवती को दुपट् टे क सहारे खींचने लगा। करीब 500 मीटर तक सड़क पर वह युवती को घसीटता रहा।

## दुर्गा विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिरी, 11 लोगों की मौत

**भोपाल, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के खंडवा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिर गई। हादसे में 8 बच्चियों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। करीब 20 से 25 लोगों के डूबने की जानकारी मिली है। पुलिस के मुताबिक घटना खंडवा में पंधाना के पास अर्दला गांव की है। यहां देवी विसर्जन के लिए कच्चे पुल पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग पानी में जा गिरे। गुरूवार शाम करीब 5 बजे हुई इस घटना के बाद जेसीबी से रेस्क्यू शुरू किया गया। शाम 6 बजे तक 11 शव निकाले जा चुके थे। बाकी लोगों की तलाश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर को रिवर्स करने के दौरान हादसा हुआ। ट्रॉली में देवी प्रतिमा रखी थी। ड्राइवर नदी के नजदीक ट्रैक्टर ले जाकर मूर्ति विसर्जित करना चाहता था। इसी दौरान बेकाबू होकर ट्रॉली पानी में पलट गई। बताया जा रहा है कि ट्रॉली की हाइट बढ़ाने के लिए जाली लगाई गई थी। इसी वजह से जब ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी तो लोग निकल नहीं पाए। बताया जा रहा है कि ट्रॉली में सवार अधिकतर लोग आदिवासी थे। बच्चों को तैरना आता था।

### 10 मृतकों की पहचान हुई...

- शर्मिला पिता प्यार सिंह (15)
- आरती पिता प्यार सिंह
- दिनेश पिता शांतिलाल (13)
- उर्मिला रेलसिंग (16)
- गणेश पिता तेर सिंह (20)
- किरण रेमसिंग (16)
- पाटली कैलाश (25)
- रेव सिंग मुंशी सिंह (13)
- आयुष पिता भारत (9)
- संगीता पिता ज्ञान सिंह (16)

### 14 लोग अभी भी लापता

तालाब में ट्रैक्टर-ट्रॉली के गिरने के बाद डूबे रहे लोग बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे। चूंकि आज विसर्जन को लेकर तालाब के घाट पर भीड़ थी, तो आनन-फानन में लोग पहुंच गए। इस दौरान कुछ लोगों को तो रेस्क्यू कर लिया गया। वहीं करीब 14 लोग लापता हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लापता लोगों की तलाश शुरू की। अभी तक नदी से 10 लोगों की डेडबॉडी बरामद की गई है। इनमें से ज्यादातर बच्चे हैं। वहीं बच्चों की मौत की सूचना पर रोते-बिलखते उनके परिजन पहुंचे।

## भारत में बनेगा माउंट एवरेस्ट पर लैंड होने वाला पहला हेलीकॉप्टर

**कोलार, 02 अक्तूबर (एजेंसी)।** माउंट एवरेस्ट पर लैंड होने वाला दुनिया का पहला हेलीकॉप्टर एच125 का निर्माण अब भारत में भी होगा। यह हेलीकॉप्टर ग्लोबल एयरोस्पेस कंपनी एयरबस का है, लेकिन अब इसके निर्माण के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड कर्नाटक के कोलार जिले के वेमागल में फाइनल एसेंबली लाइन बनाएगी। संभावना है कि 2027 तक पहला मेड इन इंडिया एच125 बन जाएगा। भारत में इसका उत्पादन शुरू होने के साथ ही पूरे दक्षिण एशिया में डिफेंस और सिविल जरूरतों के लिए इसके गेमचेंजर बनने की उम्मीद है। भारत में एच125 हेलिकॉप्टरों के निर्माण के बाद इसका घरेलू इस्तेमाल भी होगा और इसका निर्यात भी किया जाएगा। योजना के अनुसार यहां इसका मिलिट्री वेरिएंट एच125एम भी बनेगा, जिसमें कई सारे स्वदेशी उपकरण लगे होंगे और भारतीय सशस्त्र सेना की जरूरतों को देखते हुए देसी टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया जाएगा। भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना को ऊंचे और दुर्गम इलाकों के साथ-साथ विशेष रूप से हिमालय वाले क्षेत्रों की आवश्यकता को देखते हुए भी इस हेलीकॉप्टर को तैयार किया जाएगा। इसके एच125एम जैसे वेरिएंट आने से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सामर्थ्य बढ़ना तय माना जा रहा है। एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जुर्गन वेस्टरमियर के मुताबिक,'भारत एक आदर्श हेलीकॉप्टर निर्माता देश है। 'मेड इन इंडिया' हेलीकॉप्टर इसके बाजार को विकसित करने और हेलीकॉप्टरों को राष्ट्र निर्माण के एक आवश्यक टूल के रूप में स्थापित करने में सहायक बनेगा।' उनका कहना है, 'हम अपने भरोसेमंद पार्टनर टाटा के साथ अपने बहुआयामी रिश्तों में यह नया अध्याय जोड़ते हुए बहुत खुश हैं।' वहीं, टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के सीईओ और एमडी सुकरान सिंह ने कहा, 'हेलीकॉप्टर बनाने वाली भारत की पहली प्राइवेट सेक्टर बनने के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम को गर्व है। इससे नागरिक और रक्षा जरूरत दोनों को ताकत मिलेगी। एयरबस के साथ यह हमारा दूसरा फाइनल एसेंबली लाइन सहयोग है...।




### शेष समाचार : प्रतिबंधित और .....

मुजफ्फरनगर (49 वर्ष) को पचैंडा फलाईओवर के नीचे माल रोड पर मन्दिर से आगे बने पक्के कमरे के पास से छापा मारकर गिरफ्तार किया है। छापे के दौरान, पुलिस ने मौके से तीन व्यक्तियों को पकड़ा, जो अवैध रूप से दवाओं की पैकिंग बदल रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में एक्सपायरी डेट की दवाएं, प्रतिबंधित दवाएं और दवाओं की पैकिंग बदलने में इस्तेमाल होने वाले पुराने व नए रैपरों का जखीरा बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक के मिश्र ने बताया कि आरोपीगण इन एक्सपायरी और प्रतिबंधित दवाओं को सस्ते दामों पर खरीदते थे। इसके बाद वे चालाकी से इन दवाओं पर से पुराने रैपर हटाकर नई मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट वाले रैपर चिपकाते थे। इस तरह, वे इन नकली दवाओं को न सिर्फ स्थानीय मेडिकल स्टोरों पर बेचते थे, बल्कि खाड़ी देशों में भी अवैध तरीके से इनकी सप्लाई करते थे, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस रैकेट के तार कहां-कहां तक जुड़े हैं, इसकी गहराई से जांच कर रही है और इनके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है।

### शेष समाचार : देवभूमि संस्कृति बचाने को...

बलिदान को नमन करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के बलिदान से ही उत्तराखंड राज्य निर्माण संभव हो सका है। इन शहीदों ने भविष्य बनाने के लिए अपने वर्तमान का बलिदान कर दिया। ऐसे में हमारी सरकार इन आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण हेतु निरंतर संकल्पित है व उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हरसंभव कार्य कर रही है। इस राज्य की नींव में इन शहीदों के रक्त की आहुति शामिल है। हमारी सरकार अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप ही विकास के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन शहीदों के सपनों को साकार करने और देवभूमि के अस्तित्व को बचाने के लिए हमने राज्य में समान नागरिकता कानून को लागू किया। देवभूमि के सांस्कृतिक व धार्मिक स्वरूप की सुरक्षा, संरक्षा और परम्पराओं की रक्षा के लिए हमारी सरकार ने लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जेहाद पर सख्त फैसले लिए हैं। ऐसे में हरी, नीली और पीली चादर बिछाकर सरकारी भूमि को कब्जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही हुई और लैंड जिहाद के खिलाफ चले अभियान में अभी तक 9 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहादियों से सरकार ने मुक्त कराया। इस कार्यवाही में सरकारी भूमि पर बने 550 मजारों और दो मस्जिदों को हटाया गया। मदरसा बोर्ड में कबीलाई संस्कृति वाली शिक्षा को हटाने के लिए बोर्ड को समाप्त करते हुए 250 से ज्यादा अवैध मदरसों को बंद कराया। अब एक जुलाई 2026 से सरकार उत्तराखंड में केवल उन्हीं मदरसों को मान्यता देने का काम करेगी, जो निर्धारित राज्य शिक्षा नीति में स्वीकृत पाठयक्रम को अपने यहां पर लागू करेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार ने देवभूमि में धार्मिक भावनाओं के साथ, आस्था लेकर आने वाले लोगों को धर्म के नाम पर ठगकर सनातन संस्कृति को बदनाम करने वाले पाखंडी बाबा और साधु-संतों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की और कालनेमि जैसे अभियान से पाखंड पर अंकुश लगाने का काम किया। भ्रष्टाचार के प्रति भी हमारी सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति पर काम किया है। पहले भ्रष्टाचार के मामलों में छोटी मछलियों पर ही कार्यवाही की बात सामने आती थी, लेकिन अब सरकार ने बड़े मगरमच्छ भी पकड़े हैं। 3 वर्षों में सरकार ने भ्रष्टाचार के मामलों में 200 से अधिक लोगों को जेल पहुंचाने का काम किया, जिनमें आईएएस और पीसीएस कैडर के अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने शहीदों के प्रति सरकार को कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में इन आंदोलनकारियों और शहीद परिवारों के हितों के लिए सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण, मासिक पेंशन, बच्चों को फ्री शिक्षा, निःशुल्क यात्रा व परिवारों की तलाकशुदा व विधवा बेटियों को सरकारी नौकरी हमारी सरकार प्राथमिकता के साथ दे रही है।